सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

22 अग्रहायण, 1944 (श०)

संख्या - 580 राँची, मंगलवार, 13 दिसम्बर, 2022 (ई०)

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग

अधिसूचना

5 दिसम्बर, 2022

संख्या- 15/ सा०अव०-03-01/2022 का०- 7624--भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या-20-25-56-पर्व-1, दिनांक-8 जून, 1957 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881) 26-1881 की धारा- 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल, वर्ष 2023 में संलग्न अनुसूची-1 में अंकित पर्व / अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित करते हैं ।

2. वर्ष 2023 में संलग्न अनुसूची-2 में अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखण्ड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बन्द रहेंगे ।

3. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या-41/2/98 बी०ओ० II दिनांक-09 अगस्त, 2002 एवं पत्रांक- 1/22/2012- बी०ओ०-II दिनांक- 09 जनवरी 2013 के साथ वाचित परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन॰आई॰ एक्ट, 1881)- 26- 1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखण्ड राज्यपाल वर्ष 2023 में सम्पूर्ण राज्य में संलग्न अनुसूची-3 में अंकित बैंक वार्षिक लेखा बंदी अवकाश घोषित करते हैं।

टिप्पणीः-i. चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

ii. राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में छः दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी।

iii. अनुसूची-3 में उल्लिखित बैंक लेखा वार्षिक बन्दी सरकारी अधिष्ठानों / कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

ब्रज माधव,
सरकार के अवर सचिव।

अनुसूची-1

वर्ष 2023 के लिए झारखण्ड राज्य में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत

घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1944/1945)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी	माघ- 06	गुरुवार	1
2.	महाशिवरात्रि	18 फरवरी	माघ- 29	शनिवार	1
3.	होलिका दहन	07 मार्च	फाल्गुन-16	मंगलवार	1
4.	होली	08 मार्च	फाल्गुन- 17	बुधवार	1
5.	राम नवमी	30 मार्च	चैत्र- 09	गुरुवार	1
6.	महावीर जयंती	04 अप्रैल	चैत्र- 14	मंगलवार	1
7.	गुड फ्राईडे	07 अप्रैल	चैत्र- 17	शुक्रवार	1
8.	अम्बेदकर जयंती	14 अप्रैल	चैत्र- 24	शुक्रवार	1
9.	ईद- उल- फितर	22 अप्रैल	वैशाख- 02	शनिवार	1
10	बुद्ध पूर्णिमा	05 मई	वैशाख- 15	शुक्रवार	1
11.	ईद-उल-जुहा (बकरीद)	29 जून	आषाढ़- 08	गुरुवार	1
12.	मुहर्रम	29 जुलाई	श्रावण- 07	शनिवार	1
13.	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त	श्रावण- 24	मंगलवार	1
14.	जन्माष्टमी	07 सितम्बर	भाद्र- 16	गुरुवार	1
15.	मिलाद-उन-नबी या ईद-ए-मिलाद (पैगम्बर मोहम्मद का जन्म दिवस)	28 सितम्बर	आश्विन- 06	गुरुवार	1

16.	महात्मा गाँधी का जन्म दिवस	02 अक्टूबर	आश्विन- 10	सोमवार	1
17.	महानवमी	23 अक्टूबर	कार्तिक- 01	सोमवार	1
18.	विजयादशमी	24 अक्टूबर	कार्तिक- 02	मंगलवार	1
19.	सूर्य षष्ठी डाला छठ (प्रात: अर्ध्य)	20 नवम्बर	कार्तिक- 29	सोमवार	1
20.	गुरुनानक जयंती	27 नवम्बर	अग्रहायण- 06	सोमवार	1
21.	क्रिसमस	25 दिसम्बर	पौष- 04	सोमवार	1
	कुल दिन				21

टिप्पणीः सरहुल-23 अप्रैल, करमा पूजा-10 सितम्बर, महाअष्टमी-22 अक्टूबर, दीपावली- 12 नवम्बर एवं सूर्य षष्ठी सायं अर्ध्य-19 नवम्बर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस होता है, के लिए उक्त तिथि को अवकाश रहेगा।

अनुसूची-2

वर्ष 2023 के लिए झारखण्ड राज्य में कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1944/1945)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	सोहराय	13 जनवरी	पौष- 23	शुक्रवार	1
2.	मकर संक्राति	14 जनवरी	पौष- 24	शनिवार	1
3.	सुभाष चन्द्र बोस जयंती	23 जनवरी	माघ- 03	सोमवार	1
4.	मजदूर दिवस	01 मई	वैशाख- 11	सोमवार	1
5.	रथ यात्रा	20 जून	ज्येष्ठ- 30	मंगलवार	1
6.	हूल दिवस	30 जून	आषाढ़- 09	शुक्रवार	1
7.	विश्व आदिवासी दिवस	09 अगस्त	श्रावण- 18	बुधवार	1
8.	रक्षा बंधन	30 अगस्त	भाद्र- 08	बुधवार	1
9.	गणेश चतुर्थी	19 सितम्बर	भाद्र- 28	मंगलवार	1
10.	दशहरा (महासप्तमी)	21 अक्टूबर	आश्विन- 29	शनिवार	1
11.	गोर्वधन पूजा	13 नवम्बर	कार्तिक- 22	सोमवार	1
12.	भातृ द्वितीय (भैया दूज)/ चित्रगुप्त पूजा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती/राज्य स्थापना दिवस	15 नवम्बर	कार्तिक- 24	बुधवार	1
	कुल दिन				12

टिप्पणीः- संत रविदास जयंती- 05 फरवरी, विश्वकर्मा पूजा- 17 सितम्बर एवं शारदीय नवरात्र /कलश स्थापन-15 अक्टूबर को रविवारीय अवकाश पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है, तथापि वैसे प्रतिष्ठान जहाँ रविवार सामान्य कार्यदिवस हो, वहाँ उक्त तिथि को अवकाश रहेगा ।

2. बसंत पंचमी- 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एनआई एक्ट के तहत अवकाश घोषित होने के कारण कार्यपालक आदेश के तहत अलग से अवकाश घोषित नहीं किया है ।

अनुसूची-3

वर्ष 2023 में एन०आई०एक्ट, 1881 के तहत बैंक लेखा बन्दी अवकाश

क्रं० सं०	अवकाश का नाम	ग्रिगेरियन कैलेण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय पंचांग के अनुसार तिथि (शक संवत 1944/1945)	सप्ताह के दिन	दिनों की संख्या
1.	बैंक लेखा की वार्षिक बंदी	01 अप्रैल	चैत्र- 11	शनिवार	1
	कुल दिन				01